भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 3600
उत्तर देने की तारीखः 15.07.2019

शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक रिक्तियां

3600. श्रीमती केसरी देवी पटेलः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज में बड़ी संख्या में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पद रिक्त है जिसकी वजह से विश्वविद्यालय में शैक्षिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है;

(ख) क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से भरने पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा निर्धारित शिक्षक-छात्र अनुपात को लागू करने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): इलाहाबाद विश्वविद्यालय, जो प्रयागराज में स्थित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, में रिक्त शिक्षण और शिक्षणेतर पदों की संख्या क्रमश: 550 और 519 है। विश्वविद्यालय ने पहले ही सभी रिक्त शिक्षण पदों और 32 शिक्षणेतर पदों के लिए विज्ञापन दिया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों, कालेजों और विश्वविद्यालय सम संस्थाओं के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए हैं, जिसमें भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया और समय सीमा निर्धारित की गई है जिन्हें सभी विश्वविद्यालयों को इन दिशानिर्देशों का अनुपालन करने हेतु दिनांक 4 जून, 2019 के पत्र के जरिए परिचालित किया गया है।

(घ): शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को कार्यान्वित करने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एक विशेषज्ञ समिति के जरिए शिक्षण के कार्यभार के आधार पर अतिरिक्त शिक्षण पद संस्वीकृत किए जाते हैं।

*****